HARYANA SCHOOL SHIKSHA PARIYOJNA PARISHAD
(Regd. Under Societies Registration Act, 1860)
Shiksha Sadan, 3rd & 4th Floor, Sector-5, Panchkula-134109
Tel: 0172-2590505, 2586026(F) | E-mail: pedagogybranch1@gmail.com | Website: www.hsspp.in

Ref. No. Peda/SSA: -8713-33 **Dated:** 4/7/2016

सेवा में,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,

विषय :–जेईई व मेडिकल प्रवेश परीक्षा की मुफ्त तैयारी करवाने हेतु इच्छुक विद्यार्थियों के लिए एक लिखित परीक्षा दिनांक 9 जुलाई, 2016

विद्यालय शिक्षा विभाग ने हरियाणा प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों के लिए आईआईटी–जेईई एवं अन्य इंजीनियरिंग कालेज तथा मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयारी करवाने का एक विशेष कार्यक्रम आरंभ किया है।

इस कार्यक्रम के लिए राजकीय विद्यालयों से लगभग 100 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा और इनकी कक्षाएं रेवाड़ी व गुड़गांव के राजकीय विद्यालयों में आयोजित होंगी। साथ ही इन विद्यार्थियों को बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी भी करवाई जाएगी।

प्रवेश परीक्षा आयोजन का विवरणः–

इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को इसके लिए आयोजित एक लिखित परीक्षा देनी होगी। इस परीक्षा में 9वीं व 10वीं के गणित व विज्ञान विषय के पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। 10वीं कक्षा के पहले सैमेस्टर की परीक्षा में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी इस परीक्षा के लिए पंजीकरण के योग्य हैं। इच्छुक विद्यार्थी www.tinyurl.com/zj9h3c7 लिंक पर जाकर अपना पंजीकरण **मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी या आई.आई.टी.–जे.ई. प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए** आयोजित एक लिखित परीक्षा के लिए कर सकते हैं। यह लिंक दिनांक 7 जुलाई, 2016 की शाम –5 बजे तक चालू रहेगा ।

परीक्षा का आयोजन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक दिनांक 9 जुलाई, 2016 को किया जाएगा। परीक्षा केन्द्र के स्थान की सूचना संबंधित विद्यार्थियों को उनके द्वारा दिए भरे गये प्रिंसिपल की ई–मेल पर भेजी जाएगी। अतः सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व विद्यालय मुखियाओं से अनुरोध है कि इच्छुक विद्यार्थियों को इसके बारे में बताएं एवं इच्छुक विद्यार्थियों को लिखित परीक्षा के लिए अपना पंजीकरण लिंक पर जाकर www.tinyurl.com/zj9h3c7 कराने में सहायता करें।

पंजीकृत विद्यार्थी अपने साथ एक पासपोर्ट साइज़ फोटो तथा पहचान पत्र जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड, आदि परीक्षा केन्द्र पर साथ लेकर आएं । पंजीकृत विद्यार्थी को परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 9 बजे दिनांक 9 जुलाई, 2016 को पहुंचना आवश्यक है । किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा केन्द्र में कैलकुलेटर, लोग टेबल, मोबाइल, टैब आदि इलैक्ट्रानिक उपकरण लाना वर्जित है।

उप निदेशक(प्रशासन),
कृते राज्य परियोजना निदेशक

पृष्टांकन नं0 8734-56 तिथिः 4/7/2016

पत्र की प्रति निम्नलिखित को सूचना व आवश्यक कार्यवाही हेतू संप्रेषित की जाती हैः –

1 निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला ।

2 निदेशक माध्यमिक शिक्षा, पंचकूला ।

3 अतिरिक्त जिला उपायुक्त, हरियाणा ।

उप निदेशक(प्रशासन),
कृते राज्य परियोजना निदेशक

CC
निजी सचिव, को माननीय अतिरिक्त मुख्य प्रधान सचिव स्कूल शिक्षा, हरियाणा के अवलोकनार्थ हेतु।